इस भ्रमण के दौरान सर्वप्रथम हनुमानगढ में स्थित किसनाराम जाखड के मॉडल फार्म का भ्रमण किया गया। इस फार्म में जैविक फसल व फल उत्पादन के कार्यो एवं जैविक खाद, गौमूत्र, गोबर घास की हरी पतियों से फसलों के लिए बनाई जा रही देशी दवाईयों के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद सीकर के प्रगतिशील किसान सुण्डाराम के मॉडल फार्म का भ्रमण किया। इस फार्म में ग्वार की जैविक फसल एवं हाईब्रीड बीजों को तैयार करने के बारे में जानकारी हासिल की। इसी भ्रमण कार्यक्रम के दौरान सीकर के प्रगतिशील किसान श्री राजचन्द्र एवं श्री झाबरमल के मॉडल कृषि फार्म का भ्रमण किया गया। इन मॉडल कृषि फार्म में जैविक तरीके से तैयार अनार के बीगचे को देखा जिसमें करीब 300 पौधे किसान के द्वारा तैयार किये गये है। इसके साथ ही जैविक खेती की नई ब्रिड व गाजर पर विशेष रूप से तैयार की गई जैविक पौध को देखने के साथ देशी तरीके से खाद तैयार करने की विधि इत्यादि के बारे में जानकारी हासिल की गई।

इस भ्रमण के दौरान भ्रमण दल के सदस्यों प्रगतिशील किसानों के द्वारा तैयार किये गये मॉडल कृषि फार्म में उत्पादित किये जा रही विभिन्न फसलों एवं फलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने के साथ ही फार्म का भ्रमण करके फार्म पर उत्पादित फसलों एवं फलों की विभिन्न किस्मों की खेती को देखा।

- **सोलर माइक्रो ग्रिड स्टेशन :**

  संस्था के बज्जू स्थित कैम्पस में सोलर माइक्रो ग्रिड स्टेशन 5 किलोवाट का स्थापित किया गया जिससे संस्था के बज्जू कैम्पस के कार्यालय व आयवर्द्धन कार्यालय एवं स्टोर के लिए नियमित रूप से बिजली की सप्लाई प्राप्त हो रही है। इस सोलर माइक्रो ग्रिड स्टेशन की सफलता के बाद एक ओर नया सोलर माइक्रो ग्रिड स्टेशन स्केलिंग डिजाइन तैयार किया जा चुका है और परियोजना को मंजूरी के लिए एसईसीआई (सौर अनुमोदन प्राधिकरण) को भेजा गया है। यह लगभग 6 किलोवाट की परियोजना होगी और अनुमति प्राप्त होने के तुरन्त बाद इसका कार्य शुरू हो जायेगा।

- **खेती योग्य भूखण्ड तैयार करना :**

  दूसरा खेती योग्य भूखण्ड दो महीने पहले विकसित किया गया था। जिसमें भूमि स्तर और भूमि सुधार के बाद पौधरोपण किया गया है और सिंचाई तंत्र भी स्थापित किया गया है। आने वाले महीनों में अतिरिक्त भूमि की परतें उठाई जायेगी। इस भूखंड के लिए हर्बल और सब्जी फोकस वाले क्षेत्र में कार्य किया जायेगा।

- **अजोला यूनिट की स्थापना :**

  परियोजना क्षेत्र के किसानों को जैविक खेती एवं अजोला के बारे में प्रशिक्षित करने के साथ ही क्षेत्र में 27 अजोला यूनिट की स्थापना किसानों के द्वारा अपने अपने क्षेत्र में की है। अजोला यूनिट स्थापना से क्षेत्र के किसानों में इसकी उपयोगिता व महत्व को समझने में काफी असानी हुई है और किसान इनका नियमित फायदा भी लेने लगे है।

- **युवा विधार्थियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन :**

  परियोजना संचालित क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विधालयों के युवा विधार्थियों के लिए जैविक खेती एवं अजोला को लेकर प्रशिक्षण किया गया। इन प्रशिक्षणों के माध्यम से क्षेत्र के सरकारी विधालय में अध्ययनरत 298 युवा विधार्थियों ने भाग लेकर जैविक खेती एवं अजोला के बारे में जानकारी हासिल की है। इन युवा विधार्थियों को प्रशिक्षण के दौरान परियोजना के तहत तैयार किये गये मॉडल फार्म का भ्रमण करवा कर व्यवहारिक रूप से जैविक खेती एवं अजोला की कार्य प्रक्रिया, उपयोगिता एवं महत्व के बारे में अवगत करवाने के साथ ही अपने खेत पर जैविक खेती एवं अजोला यूनिट तैयार करने के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित किया गया।

- वेटरनरी विश्वविधालय, बीकानेर के द्वारा आयोजित 2 प्रशिक्षणों में परियोजना टीम के 02 सदस्य एवं परियोजना क्षेत्र 10 किसानों ने भाग लेकर जैविक खेती, अजोला यूनिट स्थापना एवं कृषि के क्षेत्र में आ रही विभिन्न नई तकनीकी के बारे में जानकारी हासिल की।

कशीदाकारी क्षमतावधर्न प्रशिक्षण कार्यक्रम

कार्यक्रम का कार्यक्षेत्र : कोलायत ब्लॉक, जिला बीकानेर

परियोजना प्रारम्भ : अप्रेल 2016

वितीय सहयोग : कैफ (CAF)

परियोजना प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2016–मार्च 2017

दस्ताकार (कशीदाकारी) क्षमतावर्धन परियोजना के लिए महिलाओं एवमु प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से उरमूल ट्रस्ट, बीकानेर के द्वारा कैफ के वितिय सहयोग से कार्यक्रम का संचालन बीकानेर,जोधपुर एवम् चुरू जिलों में 1 नवम्बर 2016 से 31 अगस्त 2017 तक किया गया।

कार्यक्रम के उद्देश्य :

- 520 नए समुदाय के सदस्यों को कटाव, बीडवॉल सिलाई बंधेज और रंगाई के हस्त शिल्प से जोड़ना।
- 320 कारीगरों के उद्यम कौशल विकसित करना और बाजार और व्यापार की मुख्यधारा में एकीकृत करना।
- अधिक गतिशील और टिकाऊ विकास की दिशा में आजिविका की पहल के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मयम्मान और वित्तिय स्वन्त्रता से लैस करना।
- कारीगरों के व्यापार में वृद्वि, और शिल्प अर्थव्यवस्था से उद्यमियों को लैस करके, शहरी केन्द्रों की और ग्रामीण प्रयास को नियत्रित करने और कौशल की कमी को रोकने के लिए।
- ग्रामीण शिल्प कौशल में लगे समुदायों के सामाजिक विकास में सुधार।
- अपने प्रयासो की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इस परियोजना के तहत प्रशिक्षण सभी कारीगरों के लिए नियमित काम सुनिश्चित करने के लिए नए मार्केटिग चैनल विकसित करना।

परियोजना के तहत किये गये कार्यो का विवरण :

1. नियमित समुदाय की बैठको का आयोजन करना और शक्तियों और कमजोरियों की पहचान के लिए आधारभूत सर्वेक्षण आयोजित करना। इसने चयनित गावों में परियोजना को कार्यान्वित करने के लिए कार्य योजना विकसित करने में सहायता की। डेटा संग्रह में लाभार्थियों की पहचान और कारीगरों के डिजिटल डेटाबेस के विकास शामिल है।

2. नए कारीगरों के लिए 15 दिवसीय ग्रामीण स्तर का प्रशिक्षण कटाव, बीडवॉल सिलाई बंधेज में 512 नए कारीगरों के लिए 15 दिवसीय प्रशिक्षण पूरा किया गया।
3. पुरानी कारीगरों के लिए 7 दिन अप–स्किलिग उत्पादन प्रशिक्षण संस्था ने कुल 320 के बाहर 328 कढाई कारीगरों के लिए कौशल सुधार प्रशिक्षण भी आयोजित किया।
4. संचार प्रशिक्षण संस्था ने 96 लोगो की एक विस्तृत 2 दिवसीय संचार प्रशिक्षण भी किया जिसमें प्रतिभागियों को स्पष्ट और सुसंगत संचार के महत्व को समझने में सक्षम किया गया था जो किसी भी स्तर पर आवश्यक रूप से विपणन एवं उत्पादन और व्यवसाय प्रबन्धंन के आधार बनाता है।
5. एटरप्राइज प्रबंधन और उत्पादन प्रबंधन प्रशिक्षण : एक भरोसेमद उत्पा विकसित करने के लिए आत्मविश्वास निर्माण अंतर–सामुदायिक सपर्क वितीय साक्षरता बैक और क्रेडिट योजनाओं की शुरूआत और महत्वपूर्ण उत्पादन प्रक्रियाओं पर ध्यान देने के लिए अन्य प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था।
6. प्रशिक्षण के व्यवसाय विकास खण्ड में खेल के रूप में अनौपचारिक तरीके से बजठ और उत्पादन नियोजन, लागत और प्लानिग करने उपभोक्ताओं और प्रबंध वित के साथ बातचीत करने के सेट अप प्रक्रियाओं की ट्रेनिंग मिल सके।

चयनित गॉव एवम् संभागीयों की संख्या :

क्रं सं	गॉव का नाम	प्रशिक्षण का विवरण	प्रशिक्षण दिंनांक (कब से कब तक)
1.	गोकुल	कशीदा	15.01.2017 से 29.01.2017
2.	भलूरी	बीड बॉल	04.02.2017 से 18.02.2017
3.	बधंली	कटाव	02.02.2017 से 16.02.2017
4.	पार्वती तलाई	कटाव	20.02.2017 से 03.03.2017
5.	नापासर	सिलाई	26.02.2017 से 27.03.2017
6.	7 ए.डी	कशीदा	28.02.2017 से 05.03.2017
7.	घंटियाली	सिलाई	02.03.2017 से 17.03.2017
8.	आडूरी	बीड बॉल	17.03.2017 से 31.03.2017
9.	भलूरी	कटाव	17.03.2017 से 31.03.2017

कार्यक्रम की उपलब्धियां :

एंटरप्राइज विकास :

- संस्था के द्वारा घंटियाली गांव के कारीगरों के लिए नई मशीनरी खरीदने और गांव के स्तर पर स्वतंत्र इकाई स्थापित करने के लिए ऋण की सुविधा प्रदान करने में मदद की है।
- कैफ इंडिया और एक्सेंचर परियोजना की सहायता से संस्था ने बज्जू गांव की दर्जा इकाई में नई मशीनरी लगवाई ताकि उन्हें अधिक ऑर्डर प्राप्त मिलें।
- नापासर गांव के कारीगरों ने प्रशिक्षण के बाद स्वंतत्र ऑर्डर प्राप्त करना शुरू कर दिया है। संस्था उन्हे बाजार लिंक विकसित करने और सीधें काम शुरू करने की प्रक्रिया में मदद कर रहा है।
- हमारे तीन पुराने गॉव जिन्हे एक्सेंचर परियोजना के तहत प्रशिक्षण दिया गया था – 2 ए.डी. 2 डी.ओ और दंडकला, आज स्वतंत्र रूप से कार्य करना शुरू कर चुके है।
- डेली तलाई के कारीगरों को भी सरकारी योजना से जोड़ा गया है ताकि ताकि वे गॉव में अपनी दुकान खोल सकें।
- बज्जू गॉव की सिलाई ट्रेनिग की एक प्रशिक्षिका – रूकसाना, को ट्रेनिग में इतना प्रोत्साहन मिला कि उसने ट्रेनिग के बाद अपना खुद का सिलाई स्कूल खोल दिया।

स्वतंत्र मार्केटिग :

- संस्था की मदद से लगभग 150 कारीगरों के कारीगरों का कार्ड बना दिया है ताकि डनहे सरकारी योजनाओं और विपणन नेटवर्क से जोड़ा जा सके।
- कारीगरों द्वारा बनाए गए नए उत्पाद

उषा सिलाई स्कूल कार्यक्रम

कार्यक्रम का कार्यक्षेत्र : बीकानेर, बासवाडा, जैसलमेर, करौली, जोधपुर, नागौर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ

परियोजना प्रारम्भ : मार्च 2012

वितीय सहयोग : उषा इन्टरनेशनल

परियोजना प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2016–मार्च 2017

कार्यक्रम के उद्देश्य :

- सिलाई प्रशिक्षण के लिए संदर्भ व्यक्तियों की पहचान व प्रशिक्षण करवाना।
- ग्रामीण क्षेत्र में सिलाई के कार्य में रूचि रखने वाली महिलाओं की पहचान।
- ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को सिलाई कार्य के लिए प्रशिक्षण करवाना।
- प्रशिक्षण में प्रशिक्षित महिलाओं को नि : शुल्क सिलाई मशीन उपलब्ध करवाना।
- प्रशिक्षित महिलाओं को गांव में सिलाई स्कूल चलाने के लिए तैयार करना।
- सिलाई स्कूल में आने वाली महिलाओं व बालिकाओं की पहचान करके सूची तैयार करना।
- प्रशिक्षित महिलाओं के माध्यम से गांवो में सिलाई स्कूल का संचालन करना।
- गांवो में संचालित स्कूल की नियमित रूप से मॉनिटरिग व प्रबन्धन करना।

सिलाई स्कूल संचालन का विवरण :

क.स.	विवरण	सिलाई स्कूलों की संख्या
1.	कोलायत, बीकानेर	19
2.	श्रीडूंगरगढ, बीकानेर	11
3.	लूणकरणसर, बीकानेर	05
4.	बीकानेर	**05**
5.	पोकरण, जैसलमेर	20
6.	श्रीगंगानगर	15
7.	हनुमानगढ	20
8.	नागौर	10
9.	बासवाडा	10
10.	जोधपुर	20
11.	करौली	10
12.	बाडमेर	10
	कुल	**140**

उपरोक्त विवरण के अनुसार 140 ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को गांवो में सिलाई स्कूल चलाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। ये प्रषिक्षित सभी महिलाएं अपने अपने गांवो में सिलाई स्कूल का संचालन नियमित रूप से कर रही है। जिनका प्रबन्धन व मॉनिटरिग भी नियमित रूप से संस्था के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान में उपरोक्त विवरण के मुताबिक संचालित 140 स्कूलों के माध्यम से 3563 बालिकाओं व महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण गांव स्तर पर दिया जा रहा है। इन 140 सिलाई स्कूलों का संचालन राज्य के 9 जिलो में उरमूल ट्रस्ट की सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है।

सेटरलाइट सिलाई स्कूल संचालन का विवरण :

क्र.स.	विवरण	सिलाई स्कूलों की संख्या
1.	कोलायत, बीकानेर	18
2.	श्रीडूंगरगढ, बीकानेर	13
3.	लूणकरणसर, बीकानेर	16
4.	बीकानेर	15
5.	पोकरण, जैसलमेर	47
6.	श्रीगंगानगर	77
7.	हनुमानगढ	75
8.	नागौर	38
9.	बासवाडा	32
10.	जोधपुर	52
11.	करौली	30
	कुल	**413**

उषा सिलाई स्कूल से महिलाओ को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाना और उनकी आजिविका को बढाने के साथ साथ गाव स्तर बालिका और महिलाओ को सिलाई के प्रशिक्षण देकर नये रोजगार उपलबध करवाने का लक्ष्य के अनुसार उरमूल के द्वारा परियोजना की शुरूआत मार्च 2016 से लेकर अप्रेल 2017 तक जो 413 नये सेटरलाइट स्कूलो में उषा सिलाई सेन्टर के बोर्ड और नये टीचर का प्रशिक्षण उषा सिलाई की और से करवाये गये, 413 सेटरलाइट स्कूलो में 585 महिला और लड़कियों का नामाकन कर प्रशिक्षण शुरू किया गया है।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र श्रीगंगानगर

परियोजना का कार्यक्षेत्र : श्रीगंगानगर

वितीय सहयोग : महिला एवं बाल विकास विभाग ,राजस्थान सरकार

प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2016–मार्च 2017

प्रदेश में महिला उत्पीड़न के बढ़ते मामलों की रोकथाम और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए राजस्थान सरकार द्वारा स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत बीकानेर व जैसलमेर में उरमूल के द्वारा इन केन्द्रो का संचालन किया जा रहा है ।

महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र की मुख्य सेवाएं :

- पीडित महिला एवं अन्य सम्बन्धित व्यक्तियों के साथ विचार–विमर्श से समस्या का आकलन और समाधान करवाना।
- महिला की इच्छा पर सम्बन्धित प्रकरण में एफ.आई.आर दर्ज करवाना।
- जिला महिला सहायता समिति के माध्यम से महिला को उपयुक्त सहायता दिलवाना।
- घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के अन्तर्गत न्यायालय द्वारा पारित आदेश के पालन में सहयोग करना। जहॉ किसी प्रत्यर्थी के लिए न्यायालय के द्वारा पारित संरक्षण आदेश की अवहेलना करे वहॉ प्रत्यर्थी के विरूद्ध पुलिस के माध्यम से कार्यवाही करवाना ।
- चिकित्सा अथवा चिकित्सा प्रमाण पत्र हेतु सम्बन्धित अस्पताल को संदर्भित करना ।
- जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सेवाएं उपलब्ध करवाना ।
- अधिसूचित आश्रय गृह में प्रवेश दिलवाना।स्थानीय स्तर पर आश्रय गृह उपलब्ध नहीं होने पर आपात स्थिति में अस्थायी परन्तु सुरक्षित आश्रय की व्यवस्था करवाना ।
- आकस्मिक व आपात स्थिति में पुलिस और संरक्षण अधिकारी के सहयोग से महिला के लिए सुरक्षा की व्यवस्था करवाना।
- महिला सुरक्षा एवं सलाह केन्द्र पर आने वाली प्रत्येक महिला प्रार्थी से वार्ता की गोपनीयता का को बनाये व ध्यान रखना।

श्रीगंगानगर केन्द्र : श्रीगंगानगर शहर के पुलिस थाना परिसर में इस केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस केन्द्र पर माह अप्रेल 2016 से मार्च 2017 तक कुल 87 घरेलू हिंसा से उत्पीडित महिलाओं को सलाह सहयोग व मार्गदर्शन किया गया है।

श्रीगंगानगर केन्द्र : श्रीगंगानगर शहर के पुलिस थाना परिसर में इस केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। इस केन्द्र पर घरेलू हिंसा से उत्पीडित महिलाओं को सलाह, सहयोग व मार्गदर्शन किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार है :

गतिविधि	अप्रेल 2016 से मार्च 2017 तक प्रकरण संख्या
व्यथित महिला को व्यक्तिगत सलाह ,मार्गदर्शन ,परामर्श	87
पारिवारीक सलाह ,मार्गदर्शन ,परामर्श	40
व्यथित महिला को उसके अधिकारों की जानकारी देना	87
कानूनी सलाह	47
एफ.आई.आर. दर्ज करवाने में सहयोग	06
वैवाहिक घर में रहने के व्यथित महिला के अधिकारों का संरक्षण	01
हिंसा मुक्त समाज बनाने के लिए की गई विचार गोष्ठियां ,कार्यशाला	04
मेडिकल मुआयना करवाने में सहयोग	00
निराश्रय की अवस्था में आश्रय गृह में प्रवेश दिलाने में सहयोग/मार्गदर्शन	00
व्यथित महिला के बच्चों की अभिरक्षा में सहयोग	00
स्त्री धन वापसी में सहयोग	00
घरेलू हिंसा प्रकरणों में व्यथित महिला को घरेलू हिंसा से महिला संरक्षण अधिनियम 2005 के अंतर्गत उचित सलाह ,मार्गदर्शन एवं सहायता	00
घरेलू घटना रिपोर्ट बनाने और न्यायालय में प्रस्तुत करने में सहयोग	00
दहेज प्रकरण में उचित कार्यवाही में सहयोग	03
पारिवारिक विघटन एवं तलाक जैसी परिस्थितियों में उचित मार्गदर्शन	06

श्रीगंगानगर : केन्द्र के तहत आयोजित गतिविधि व बैठकों का विवरण :

गतिविधियां व बैठक :

श्रीगंगानगर केन्द्र में कार्यरत सलाहकारो के द्वारा अप्रेल 2016 से मार्च 2017 तक जिले के विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियो व बैठको का आयोजन किया गया। जिसका विवरण इस प्रकार से है :

क.स.	कार्यक्रम	माह	कार्यक्रम स्थल	उपस्थित संभागी विवरण		
				महिला	पुरूष	योग
1.	आशा सहयोगिनी के प्रशिक्षण हेतु कार्यशाला	17.05.2016	खत्री धर्मशाला, श्रीगंगानगर	56	00	56
2.	बालिका सप्ताह के उपलक्ष्य में गर्व परियोजना कार्यक्रम	18.10.2016	मटीली राठान	17	00	17
3.	बालिका दिवस कार्यक्रम	24.01.2017	18 जैड	39	01	40
4.	राष्टीय बालिका सप्ताह	25.01.2017	मटीली राठान	12	00	12
योग				**124**	**01**	**125**

बाल विवाह के विरूद्व अन्तरराष्ट्रीय अभियान का थार मरूस्थल में क्रियान्वयन
गर्ल्स नोट ब्राईड परियोजना–GIRLS NOT BRIDE

परियोजना का कार्यक्षेत्र : बीकानेर जैसलमेर, जोधपुर

वितीय सहयोग : यूनिसेफ राजस्थान

परियोजना प्रारम्भ : नवम्बर 2017

प्रतिवेदन अवधि : अप्रेल 2016–मार्च 2017

प्रदेश में व्याप्त बाल विवाह जैसी प्रथा को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से उरमूल ट्रस्ट ,बीकानेर और यूनिसेफ के द्वारा संयुक्त रूप से गर्ल्स नोट ब्राईड परियोजना का संचालन बीकानेर, जोधपुर एवं जैसलमेर जिले में किया जा रहा है।

संस्था के द्वारा. नवम्बर 2014 से गर्ल्स नोट ब्राईड परियोजना का संचालन बीकानेर, जैसलमेर एवं जोधपुर जिले के 150 गांवों में किया जा रहा है।

परियोजना का उद्देश्य :

1. समजा में व्याप्त बाल विवाह प्रथा का रोकथाम व समाप्त करना।
2. जन समुदाय को बाल विवाह से होने वाले नुकसान व असर के बारे में जानकारी देकर जागृति लाना।
3. क्षेत्र के युवक और युवतियों को बाल विवाह प्रथा को समाप्त करने के लिए तैयार करना।
4. क्षेत्र में बाल विवाह हुएं परिवारो का चयन और उनकी केस स्टेडी तैयार करना।
5. क्षेत्र के पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों को बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों को मिटाने के लिए प्रशिक्षण देना।
6. क्षेत्र की ग्राम स्वास्थ्य एंव स्वच्छता समिति के सदस्यों को बाल विवाह की रोकथाम एवं समाप्त करने के लिए प्रशिक्षण देना।
7. क्षेत्र के धर्मगुरूओं ,समाज के मौजिज व्यक्तियों का बाल विवाह रोकथाम व समाप्त करने हेतु प्रशिक्षण करना।
8. क्षेत्र के गांवो के ग्रामीणों में जागृति लाकर उनकी स्व–प्रेरणा से बाल विवाह मुक्त गांव बनाना।
9. क्षेत्र के युवाओ को संगठित करके उन्हे प्रशिक्षण देना।

परियोजना के तहत आयोजित की गई गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

युवाओं का जीवन कौशल प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र के गांवो के युवक और युवतियों को बाल विवाह से होने वाले नुकसान व असर पर समझ विकसित व मजबुत करने के लिए एक–एक दिवसीय ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षणों के दौरान युवाओं के साथ संस्था द्वारा गांवों में किये कार्यो को शेयर किया गया और बाल विवाह रोकने के विभिन्न संभावित प्रयासों एवं सरकार के द्वारा जारी कानूनो एवं अधिनियमों पर चर्चा की गई। प्रशिक्षण में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागी विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	433	00	433
2.	जोधपुर	441	158	599
3.	जैसलमेर	260	30	290
कुल		**1134**	**188**	**1322**

विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों का आमुखिकरण :

परियोजना संचालित क्षेत्र में विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्यों का बाल विवाह की रोकथाम व समाप्ति के मुद्दो पर आमुखिकरण किया गया। इस आमुखिकरण कार्यक्रम के दौरान समस्त सदस्यों को बाल विवाह से समाज पर पड़ने वाले प्रभावों के बारे समझाने के साथ ही गांव में विद्यालय से छूटे हुएं बच्चों को जोडने के प्रयासों पर चर्चा की गई। आमुखिकरण में भागीदारी का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागी विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	59	147	206
2.	जोधपुर	00	00	00
3.	जैसलमेर	20	65	85
कुल		**79**	**212**	**291**

पंचायती राज सदस्यों को आमुखिकरण :

परियोजना के तहत बीकानेर एवं जोधपुर जिले के पंचायती राज सदस्यों संरपंच, उपसरपंच और वार्ड पंचों के लिए एक दिवसीय आमुखिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आमुखिकरण कार्यक्रम के दौरान पंचायती राज के सदस्यों को बाल विवाह से नुकसान व समाज पर पडने वाले कुप्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों से अपने गांवं व ग्राम पंचायत को बाल विवाह मुक्त करवाने के संभावित प्रयासों पर भी चर्चा की गई। इस दौरान कार्यक्रम में भाग लेने वाले सदस्यों को अपने–अपने कार्यक्षेत्र में होने वाले बाल विवाह को रोकने के लिए शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम में संभागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क.स.	जिले का नाम	सम्भागी विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	34	98	132
2.	जोधपुर	20	70	90
3.	जैसलमेर	00	00	00
कुल		**54**	**168**	**222**

ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति सदस्यों का अभिमुखिकरण :

परियोजना क्षेत्र के बीकानेर के गांवो की ग्राम स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति सदस्यों के लिए एक दिवसीय आमुखिकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को बाल विवाह से शारीरिक और मानसिक स्तर पर पडने वाले कुप्रभावों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बाल विवाह से भारत में बढ़ने वाली मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर के आंकड़ो पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान सदस्यों को अपने अपने कार्यक्षेत्र में बाल विवाह न होने देने की शपथ दिलवाई गई। कार्यक्रम के संभागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र.स.	जिले का नाम	सम्भागी विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	05	33	38
2.	जोधपुर	00	00	00
3.	जैसलमेर	00	00	00
कुल		**05**	**33**	**38**

धर्म गुरूओं व समाज के मौजिज व्यक्तियों का आमुखिकरण :

परियोजना क्षेत्र में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम व समाप्ति हेतु धर्म गुरूओं व समाज के मौजिज व्यक्तियों के लिए आमुखिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न समुदायों जिसमें बाल विवाह ज्यादा होते है जैसे भील, बेलदार, विश्नोई, मेधवाल, राजपूत, नायक, जाट व अन्य धर्मो के मौजिज व्यक्यिों को आमंत्रित किया गया था। उनके साथ बाल विवाह से समाज व पारिवारिक स्तर पर पड़ने वाले कुप्रभावों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के विभिन्न प्रावधानों पर भी चर्चा की गई। इस आमुखिकरण में भाग लेने वालो का विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र.स.	जिले का नाम	सम्भागी विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	113	194	307
2.	जोधपुर	114	303	417
3.	जैसलमेर	45	125	170
कुल		**272**	**622**	**894**

ग्राम स्तरीय युवा प्रशिक्षण :

परियोजना क्षेत्र में बाल विवाह की प्रभावी रोकथाम व आमजन में बाल विवाह के कुप्रभावों के प्रति समझ विकसित करने के लिए ग्राम स्तर पर युवाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के दौरान युवाओं को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, निशुल्क शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2012 एवं पाक्सो अधिनियम के बारे में जानकरी दी गई। कार्यक्रम कें अन्त में सभी संभागियों को बाल विवाह को रोकने हेतु शपथ दिलवाई गई। प्रशिक्षण के संभागियों का विवरण निम्न प्रकार से है :

क्र.स.	जिले का नाम	सम्भागी विवरण		
		महिला	पुरूष	कुल
1.	बीकानेर	108	301	409
2.	जोधपुर	85	180	265
3.	जैसलमेर	52	102	154
कुल		**245**	**583**	**828**

स्वयं सहायता समुह बैठकों में सहभागिता :

परियोजना संचालित क्षेत्र के बीकानेर जिलें में उरमूल द्वारा बनाये गये स्वयं सहायता समूह की बैठकों में सहभागिता की गई। इन बैठकों के दौरान बाल विवाह की रोकथाम के हेतु चर्चा की गई।

क्र.स.	गांवो की संख्या	समूह संख्या	संभागी
1.	60	121	1188

बाल क्लब का गठन :

क्र.स.	गांवो की संख्या	क्लब संख्या	सदस्य
1.	10	10	246

पालनहार योजनाा से जोडना

क्र.स.	जिले का नाम	गावों की सख्या	लाभार्थी
1.	बीकानेर	60	234

बालविवाह रोकथाम अभियान का आयोजन :

क्र.स.	जिले का नाम	गावों की सख्या	उपस्थिती
1.	बीकानेर	16	2034
2.	जोधपुर	20	2900
3.	जैसलमेर	10	1260
कुल		**46**	**6154**

ग्राम पंचायत बाल विवाह मुक्त शपथ ग्राहण समारोह :

प्रतिवेदन अवधि में जोधपुर जिले के परियोजना संचालित कार्यक्षेत्र की 5 ग्राम पंचायतों बापिणी बरजासर, भींयासर, मलार व लोर्डिया में ग्राम पंचायत स्तर पर बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

शपथ ग्रहण समारोह में सम्मानीय अतिथियों की उपस्थिति में सरपंच, समस्त वार्ड पंचों के अलावा ग्राम पंचायत के सभी राजस्व गॉवों के धर्म गुरू, समाज के मुखिया, समाज सेवी, युवानेता विद्यालय के अध्यापक, आँगनवाड़ी कार्यकर्त्ता, ग्रामीण महिलाएं, पुरूष व बच्चों आदि ने सर्वजनिक रूप से बाल विवाह मुक्त पंचायत एवं प्रत्येक बच्चे को शिक्षा से जोड़ने की शपथ लेते हुएं बाल विवाह मुक्त घोषणा सम्बन्धी बैनर पर हस्ताक्षर किये गये।

कार्यकम सम्बोधन अवसर पर अतिथियों द्वारा हमें गर्व है कि **हमारी ग्राम पंचायत बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत है** स्टीकर का विमोचन किया गया। यह स्टीकर ग्राम के सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाये गये है। कार्यकम में ग्राम पंचायत वार उपस्थिति जनप्रतिनिधियों एवं जन समुदाय का विवरण निम्न प्रकार से है :

ग्राम पंचायत	दिनांक व स्थान	दिनांक	संभागी
बापिणी	राजकीय उच्च प्रा.विद्यालय,डेडीसरा –बापिणी	20 जून 2016	600
बरजासर	रा.उ.मा.वि, बरजासर	15 अगस्त 2016	600
भींयासर	अटल सेवा केन्द्र, भींयासर	20 अगस्त 2016	450
मलार	अटल सेवा केन्द्र, मलार	24 सितम्बर 2016	300
लोर्डिया	अटल सेवा केन्द्र, लोर्डिया	11 अक्टूबर 2016	250
कुल			**2200**

बाल विवाह मुक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रमों में फलौदी विधायक श्री पब्बाराम विष्नोई, फलौदी प्रधान अभिषेक भादू, एडीएम फलौदी श्री आर.डी.बारठ, यूनिसेफ काठमाडू की क्षेत्रीय सलाहकार बाल सुरक्षा कार्यकम सेक्शन सुश्री केन्द्रा, यूनिसेफ दिल्ली की कन्सलटेंट आई.सी.ओ.श्रीमती शमा अफरोज, यूनिसेफ राजस्थान के बाल सुरक्षा अधिकारी श्री संजय निराला, उरमूल ट्रस्ट, बीकानेर के सचिव श्री अरविंद ओझा, उरमूल समिति के सचिव श्री सुरजनराम जयपाल, प्रगति प्रसार अधिकारी पंचायत समिति फलौदी रामचन्द्र व्यास, प्रचेता महिला अधिकारिता विभाग श्रीमती कुसुम पुरोहित क्षेत्रीय पटवारी एवं ग्राम सेवक सहित ग्रामीण जनसमुदाय ने भाग लिया।

सरकारी अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व अन्य स्टेक होल्डरस् के साथ जिला स्तरीय बैठक :

परियोजना संचालित जोधपुर जिले में परियोजना के अन्तर्गत सरकारी अधिकारियों, जन प्रतिनिधियों व अन्य स्टेक होल्डरस् के साथ जिला स्तरीय बैठक का आयोजन दिनांक 27 जनवरी 2017 को पंचायत समिति, फलौदी के वी.सी.हॉल में अतिरिक्त जिला कलक्टर, फलोदी श्री आर.डी.बारठ की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम में उपखण्ड अधिकारी, फलोदी श्री राकेश कुमार शर्मा, उप अधीक्षक पुलिस, फलोदी श्री सायरसिंह, प्रधान पंचायत समिति, फलोदी श्री अभिषेक भादू इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। इस बैठक में परियोजना अन्तर्गत पिछले दो वर्ष में किये गये कार्यो के बारे में विस्तार से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से बताया गया। बैठक में बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, ब्लॉक प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी, प्रचेता महिला अधिकारिता विभाग, प्रगति प्रसार अधिकारी व अन्य स्टेक होल्डरस् के साथ आपसी तालमेल एवं समन्वयन के द्वारा फलोदी पंचायत समिति को बाल विवाह मुक्त बनाने हेतु विस्तार से चर्च के बाद बाल विवाह मुक्त हेतु आपसी तालमेल के साथ आगामी कार्य योजना बनाई गई। इस बैठक में सभी संभागीयों ने फलोदी पंचायत समिति को बाल विवाह मुक्त बनाने की शपथ ली। इस एक दिवसीय बैठक में पंचायत समिति, फलौदी क्षेत्र के 57 संभागीयों ने भाग लिया।

अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाना (11 अक्टूबर 2016)

बाल विवाह रोकथाम सम्बन्धी परियोजना अन्तर्गत 11 अक्टूबर 2016 वार अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस कार्यक्रम लोर्डियां ग्रम पंचायत मुख्यालय व पंचायत के राजस्व गाँव जुनेजों की ढाणी में 3 स्थानों पर आयोजित गया। इस कार्यक्रम में 110 बालिकाओं एवं 40 बालकों व पुरूष व महिलाओं ने में भाग लिया। कार्यकम में पंचायत समिति फलोदी के प्रधान श्री अभिषेक भादू, लोर्डिया सरपंच संजय जोषी ने भाग लिया।

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर जानकारी देते हुए बताया कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा दिसम्बर 2011 में प्रस्ताव पारित कर प्रत्येक वर्ष 11 अक्टूबर को अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस घोषित किया गया। पहला अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस वर्ष 11 अक्टूबर 2012 को मनाया गया। तब से प्रत्येक वर्ष यह दिवस उत्साहपूर्वक मनाया जा रहा हैं। आपने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस बालिकाओं के अधिकारों को बढ़ावा देता है तथा समाज में बालक–बालिका की लिंग असमानता को समाप्त कर बालिकाओं के समग्र विकास का संदेष देता हैं।

कार्यक्रम में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह के दुष्परिणाम, बाल विवाह रोकने के लिए सरकारी सूचकों की जानकारी, बाल विवाह करने व बाल विवाह में सम्मिलित होने वालों के लिए सजा का प्रावधान, सूचना के लिए स्थान, बालिका षिक्षा के महत्व, बच्चों के अधिकार, बालिका स्वास्थ्य, पोषण, सरकार द्वारा बालिकाओं के लिए चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं आदि पर विस्तार से जानकारी दी गई।

क.सं.	गॉव	स्थान	संभागी		
			बालिका	बालक	कुल
1	लोर्डिया	रा.उ.मा.वि, लोर्डिया	70	110	180
2	जुनेजों की ढाणी	बालिका मदरसा	32	5	37
3	लोर्डियां	अटल सेवा केन्द्र, लोर्डिया	110	40	150
कुल			212	155	367